367

**छत्तीसगढ़ शासन**
**वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग**
**मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर**

क्रमांक एफ 5–27 / 2022 / 10–2        नवा रायपुर, अटल नगर, दिनांक 22 / 12 / 2022

प्रति,

**प्रधान मुख्य वन संरक्षक**
**एवं वन बल प्रमुख**
छत्तीसगढ़, अरण्य भवन,
सेक्टर–19, नार्थ ब्लॉक,
नवा रायपुर, अटल नगर।

विषयः– Diversion of forest land for non-forest purpose under forest conservation Act, 1980 for Rehabilition–Upgrading of Dharmjaigarh Kapu road area 10.465 ha.– regarding.

संदर्भः– अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध) का पत्र क्र. / भू–प्रबंध / विविध / 115–844 / 2485, दिनांक 07.12.2022।

******

विषयांतर्गत संदर्भित पत्र के माध्यम से प्रेषित प्रस्ताव के परीक्षण में निम्न बिंदुओं पर त्रुटियां परिलक्षित हो रही है : –

1. संदर्भित पत्र के बिंदु क्र. 1 में आवेदित वन क्षेत्र के विवरण में धरमजयगढ़ वनमंडल अंतर्गत धरमजयगढ़ परिक्षेत्र के ग्राम ग्वारघुटरी के कक्ष क्र. पी.एफ. 355 के रकबा 0.311 हे. को आवेदित दर्शाया गया है जबकि प्रस्ताव के पृष्ठ क्र. 2 में उपरोक्त आवेदित रकबा 0.311 हे. को ग्राम गवारघुट्टी का भाग दर्शाया गया है। कृपया स्थिति स्पष्ट करें।
2. संदर्भित पत्र के बिंदु क्र. 32 में आवेदित क्षेत्र के 10 कि.मी की परिधि में लेमरू हाथी रिजर्व की उपस्थिति दर्शायी गई है, किंतु हाथियों के संरक्षण तथा आवामन हेतु नियमानुसार प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) की टीप / अभिमत नही लिया गया है। इसके विपरीत प्रस्ताव के पृष्ठ क्र. 315 में वनमंडलाधिकारी द्वारा यह लेख किया गया है कि, प्रभावित क्षेत्र के 10 कि.मी. परिधि में किसी भी प्रकार का वन्यप्राणी प्रभावित नही हो रहा है। इस कारण प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) की टीप / अभिमत की आवश्यकता नही है।

   कृपया वन्यप्राणियों / हाथियों के संरक्षण तथा आवागमन की व्यवस्था सहित नियमानुसार प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) की टीप / अभिमत प्राप्त कर प्रेषित करें।

2/– आदेशानुसार निवेदन है कि, कृपया उपरोक्त बिंदुओं पर वांछित जानकारी शीघ्र उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

(हस्ताक्षर) 22.12.22
(के.पी.राजपूत)
अवर सचिव
छत्तीसगढ शासन,
वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग

पृष्ठां. क्रमांक / एफ 5–27 / 2022 / 10–2        नवा रायपुर, दिनांक 22 / 12 / 2022

प्रतिलिपि :–

1. प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी), अरण्य भवन, सेक्टर–19, नार्थ ब्लॉक, नवा रायपुर, अटल नगर, छत्तीसगढ़।
2. अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध), कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक, अरण्य भवन, सेक्टर–19, नार्थ ब्लॉक, नवा रायपुर, अटल नगर, छत्तीसगढ़।
3. मुख्य वन संरक्षक, बिलासपुर वृत्त, बिलासपुर, छत्तीसगढ़।
4. वनमंडलाधिकारी, धरमजयगढ़ वनमंडल, छत्तीसगढ़।
5. आवेदनकर्ता, परियोजना प्रबंधक (ए.डी.बी. प्रोजेक्ट), छत्तीसगढ़ सड़क विकास परियोजना, लोक निर्माण विभाग, बिलासपुर, छत्तीसगढ़।

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।

(हस्ताक्षर)
अवर सचिव
छत्तीसगढ शासन,
वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग